Regarding alleged recovery and seizure of drugs in Amravati, Maharashtra-laid

श्री बलवंत बसवंत वानखडे **(**अमरावती**) :** क्या सरकार को यह जानकारी है कि हाल ही में राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI), अहमदाबाद की टीम द्वारा महाराष्ट्र के अमरावती शहर में गुप्त कार्रवाई करते हुए लगभग 7.5 करोड़ रुपये मूल्य की 5 किलोग्राम एमडी (नशीली) ड्रग्स जब्त की गई हैं, तथा यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस की जानकारी एवं सहभागिता के बिना की गई ? यदि हाँ, तो जब एक केंद्रीय एजेंसी को इतनी बड़ी ड्रग्स तस्करी की सूचना प्राप्त हो सकती है, तो स्थानीय अमरावती पुलिस एवं राज्य सरकार द्वारा गठित एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) को इसकी जानकारी न होने के क्या कारण हैं; क्या सरकार इसे पुलिस तंत्र की गंभीर विफलता अथवा किसी स्तर पर मिलीभगत मानती है? क्या सरकार इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं स्वतंत्र जांच कराएगी तथा अमरावती पुलिस और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जवाबदेही तय करेगी? क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि ड्रग्स विरोधी कार्रवाई केवल छोटे विक्रेताओं तक सीमित न रहकर बड़े तस्करों, संगठित नेटवर्क और अंतरराज्यीय गिरोहों के विरुद्ध भी प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की जाए? देश की युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों से बचाने हेतु केंद्र सरकार द्वारा भविष्य में क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं?